शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या-22/2015/668/78-1-2015-61आई0टी0/2015

प्रेषक,

जी0एस0 नवीन कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यू0पी0एल0सी0, लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक 22 जून, 2015

विषय: यमुना एक्सप्रेस वे इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के विकास के संबध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-यूपीएलसी:इलेक्ट्रानिक्स पॉलिसी:2014-15, दिनांक-09-06-2015, से संदर्भित मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे में औद्योगिक विकास प्राधिकरण, जनपद गौतमबुद्ध नगर के पत्रांक-वाई0ई0ए0/मिश्रित भू-उपयोग/55/2015, दिनांक-02-06-2015 में शासन को सूचित किया गया है कि यमुना एक्सप्रेस वे में इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के विकास के संबंध में यूपीएलसी के साथ संयुक्त आवेदन-कर्ता (Joint applicant) के साथ-साथ इस हेतु गठित होने वाले स्पेशल परवज वेहिकिल में सम्मिलित होने की सैद्धान्तिक सहमति यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गयी है, का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यमुना एक्सप्रेस वे में इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के विकास हेतु यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0 के साथ यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भी संयुक्त आवेदन-कर्ता (Joint applicant) की अनुमति तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को उक्त परियोजना हेतु गठित होने वाले स्पेशल परवज वेहिकिल में सम्मिलित किये जाने के प्रस्ताव को शासन द्वारा सहमति प्रदान की जाती है।

3- इसके अतिरिक्त यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अपेक्षानुसार इस हेतु आवश्यक नियम व शर्तो के निर्धारण हेतु विस्तृत प्रस्ताव शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जी0एस0 नवीन कुमार)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in